भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **2284**
सोमवार, 0**2** दिसम्बर, 2019/**11** अग्रहायण, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

महात्मा विदुर की कुटिया का पर्यटन केन्द्र के रूप में विकास

2284. श्री मलूक नागरः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मेरे निर्वाचन क्षेत्र बिजनौर उत्तर प्रदेश में स्थित पौराणिक महाभारत युग से संबंधित ऐतिहासिक विदुर कुटी को जून, 2018 में चिह्नित 30 पर्यटन स्थलों में शामिल करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो इस दिशा में अब तक क्या प्रयास किए गए हैं;

(ग) यदि नहीं, तो क्या मेरे बिजनौर में विदुर कुटी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो इसका कार्यान्वयन कब तक किए जाने की संभावना है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (घ) : पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत सुनियोजित और प्राथमिकता प्रदत्त तरीके से देश में थीमेटिक पर्यटक परिपथों को विकसित कर रहा है। योजना की आध्यात्मिक परिपथ थीम के तहत मंत्रालय ने वर्ष 2016-17 में 63.77 करोड़ रुपये से उत्तर प्रदेश में बिजनौर- मेरठ- कानपुर- कानपुर देहात- बांदा- गाजीपुर- सलेमपुर- घोसी- बलिया- अम्बेडकर नगर- अलीगढ़- फतेहपुर- देवरिया- महोबा- सोनभद्र- चन्दौली- मिश्रिख- भदोही के विकास की परियोजना को स्वीकृत किया है।

बिजनौर में विदुर कुटी उपरोक्त परियोजना के तहत कवर किये गये स्थलों में से एक है। साइट के विकास कार्य में 2.53 करोड़ रुपये से लैंडस्केपिंग, सौर प्रकाश व्यवस्था, बहुउद्देशीय हॉल, चेंजिंग रूम, सार्वजनिक शौचालय, कैफेटेरिया, बेंच, ठोस कचरा प्रबंधन और पार्किंग शामिल है।

****